# कार्यालय उप निदेशक फायर सर्विस बरेली परिक्षेत्र बरेली।

पत्र संख्या: 2015/12764/पीली/पीलीभीत/167/डी0डी0/637 दिनांक:अगस्त 20 2015

सेवा में,

जिलाधिकारी,
जनपद पीलीभीत।

विषय: गाटा संख्या–821 एमआई ग्राम ईटगॉव थाना बिलसण्डा तहसील बीसलपुर जनपद पीलीभीत में इंडियन ऑयल कारपोरेशन लिमिटेड द्वारा प्रस्तावित रिटेल आउटलेट की स्थापना किये जाने हेतु प्रोविजनल अग्निशमन अनापत्ति प्रमाणपत्र निर्गत किये जाने के सम्बन्ध में।

सन्दर्भ: आपका पत्रांक:1954–3/शस्त्र लिपिक–2015 दिनांक:07.08.2015

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक अपने संदर्भित पत्र का अवलोकन करने कष्ट करें, जिसके द्वारा गाटा संख्या–821 एमआई ग्राम ईटगॉव थाना बिलसण्डा तहसील बीसलपुर जनपद पीलीभीत में इंडियन ऑयल कारपोरेशन लिमिटेड द्वारा प्रस्तावित रिटेल आउटलेट की स्थापना हेतु अग्निशमन अनापत्ति प्रमाणपत्र निर्गत किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

उक्त प्रश्नगत प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण मुख्य अग्निशमन अधिकारी, पीलीभीत श्री ब्रहमान्द दुबे द्वारा किया गया तो उनके द्वारा अपने पत्र संख्या: शून्य दिनांक:11.08.2015 के द्वारा प्रश्नगत प्रस्तावित रिटेल आउटलेट हेतु प्रोविजनल अग्निशमन अनापत्ति प्रमाण पत्र के सम्बन्ध में अपनी संस्तुति आख्या उपलब्ध करायी है। मानचित्रों के अनुसार प्रश्नगत प्रस्तावित स्थल लगभग–67 मीटर चौड़े बिलसण्डा से बीसलपुर रोड के बीच स्थित है, जहाँ फायर सर्विस के वाहन आसानी से आ–जा सकते है। प्रश्नगत प्रस्तावित स्थल के मानचित्रों के अनुसार प्रस्तावित स्थल के ऊपर से कोई हाई/लोटेंशन विद्युत लाइन नही गुजर रही है। प्रस्तावित स्थल के मानचित्र पैट्रोलियम रूल्स के अनुरूप पाये गये। प्रस्तावित स्थल के मानचित्र अग्निसुरक्षा के दृष्टिकोण से उपयुक्त है।

अतः गाटा संख्या 821 एमआई ग्राम ईटगॉव थाना बिलसण्डा तहसील बीसलपुर जनपद पीलीभीत में इंडियन ऑयल कारपोरेशन लिमिटेड द्वारा प्रस्तावित रिटेल आउटलेट की स्थापना किये जाने हेतु प्रोविजनल अग्निशमन अनापत्ति प्रमाणपत्र निम्नलिखित प्रतिबन्धों के साथ निर्गत किया जाता है:–

1– प्रस्तावित स्थल पर रिटेल आउटलेट की स्थापना हेतु सभी निर्माण कार्य पैट्रोलियम रूल्स 1934 एवं सम्बन्धित पैट्रोलियम रूल्स तथा रिटेल आउटलेट विषयक समय–समय पर यथा संशोधित विधियों एवं तत्समय प्रवृत किसी अन्य विधि में उल्लेखित मानकों के अनुरूप किये जायेगे।

2– प्रस्तावित स्थल के ऊपर से कोई हाइटेंशन या लोटेंशन विद्युत लाइन नही गुजारी जायेगी।

3– प्रस्तावित स्थल पर मानचित्रों में दर्शाये गये पैट्रोलियम पदार्थो के अतिरिक्त अन्य कोई ज्वलनशील पदार्थ का भंडारण नही किया जायेगा।

4– प्रस्तावित रिटेल आउटलेट के निर्माण के उपरान्त प्रश्नगत स्थल पर किसी भी प्रकार के पदार्थों या स्थितियों आदि जो चिंगारी/आग उत्पन्न करते हो का प्रयोग वर्जित होगा तथा इसके सम्बन्ध में समुचित उपाय सुनिश्चित किये जायेगें।

20/08/15

क्रमशः.......02

शील कृष्ण धवन/Sheel Krishan Dhawan
वरिष्ठ प्रबंध (रिटेल सेल्स)/Sr. Manager (Retail Sales)
इंडियन ऑयल कारपोरेशन लि. (एम.डी.)
Indian Oil Corporation Limited (M.D.)
35–ए, कमला नेहरू मार्ग/35-A, Kamla Nehru Marg
बरेली–243001 (उ.प्र.)/Bareilly-243001 (U.P.)

5– प्रस्तावित स्थल पर धुम्रपान निषेध बोर्ड एवं आग से सावधानी के संसूचक तथा आपातकालीन सेवाओं के टेलीफोन नं0 की सूची लगाया / दर्शाया जाना अनिवार्य होगा।

6– प्रस्तावित स्थल पर समुचित अग्निशमन व्यवस्था ओ.आई.एस.डी. स्टेण्डर्ड, पैट्रोलियम रूल्स एवं तत्समय प्रवृत अन्य किसी उल्लेखित विधि के अनुरूप की जायेगी।

प्रस्तावित स्थल पर रिटेल आउटलेट का उपरोक्त निर्देशों के अनुरूप निर्माण कराये जाने के उपरान्त अग्निशमन विभाग से उपरोक्त के सम्बन्ध में निरीक्षण / परीक्षण कराकर अन्तिम अग्निशमन अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करना अनिवार्य होगा। जिसके उपरान्त ही रिटेल आउटलेट के संचालन हेतु अग्निशमन सुरक्षाओं का निर्देश निर्गत किये जायेगें जिन्हे पूर्ण कराये जाने का उत्तरदायित्व स्वयं प्रबन्धक का होगा। अन्यथा निर्गत किया जा रहा प्रोविजनल अग्निशमन अनापत्ति प्रमाण पत्र स्वतः ही निरस्त समझा जायेगा।

संलग्नकः अनुमोदित मानचित्र

कुल 01 नर्क

20/03/15

(अजय कुमार गुप्ता)
उपनिदेशक, फायर सर्विस
बरेली / मुरादाबाद परिक्षेत्र

संख्या एवं दिनांक तदैव

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

1– संयुक्त निदेशक, फायर सर्विस मुख्यालय उ0प्र0 लखनऊ।

2– मुख्य अग्निशमन अधिकारी पीलीभीत।

3 अग्निशमन अधिकारी जनपद पीलीभीत।

4– सीनियर डिविजनल रिटेल सेल्स मैनेजर, इंडियन ऑयल कारपोरेशन लिमिटेड, बरेली मंडल कार्यालय 82 प्रेमनगर बरेली।

(अजय कुमार गुप्ता)
उपनिदेशक, फायर सर्विस
बरेली / मुरादाबाद परिक्षेत्र

शील कृष्ण धवन/Sheel Krishan Dhawan
वरिष्ठ प्रबंध (रिटेल सेल्स) /Sr. Manager (Retail Sales)
इंडियन ऑयल कार्पोरेशन लि. (एम.डी.)
Indian Oil Corporation Limited (M.D.)
35-ए, कमला नेहरू मार्ग/35-A, Kamla Nehru Marg
बरेली-243001 (उ.प्र.)/Bareilly-243001 (U.P.)